E-Newsletter
March 2016

# M.C.H.

Municipal Council Hanuamngarh




Minimum Government, Maximum Governance



# संदेश –

मुझे यह जानकार प्रसन्नता है कि नगरपरिषद हनुमानगढ़ के कार्यो पर आधारित ई–न्यूज लेटर का प्रकाशन किया जा रहा है।

ई–न्यूज लेटर का यह अंक राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन व नगरपरिषद हनुमानगढ़ द्वारा आम नागरिको को बेहतर सुविधाऐं उपलब्ध करवाने में एवं शहरी प्रबन्धको को सक्षम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। हनुमानगढ़ शहर के नागरिको के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए नगरपरिषद हनुमानगढ़ निरन्तर प्रयत्नशील है तथा राज्य सरकार भी स्थानीय निकायों के आर्थिक उन्नयन व स्वायत्ता के लिए कदम उठा रही है।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि नगरपरिषद हनुमानगढ़ के आर्थिक स्वावलम्बन व उसके दायित्त्वों के निर्वहन में यह ई–न्यूज लेटर सहायक होगा तथा इसके माध्यम से नागरिको के कार्य त्वरित गति से निष्पादित होगें।

मै ई–न्यूज लेटर के इस अंक के सफल प्रकाशन की शुभकामनाऐं देता हूँ

Shri Rajpal Singh Shekhawat
Honorable Minister
Autonomous Bodies,
Urban Development & Housing



# Message

मुझे यह जानकार प्रसन्नता है कि नगरपरिषद हनुमानगढ़ के कार्यो पर आधारित ई–न्यूज लेटर का प्रकाशन किया जा रहा है।

ई–न्यूज लेटर का यह अंक राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन व नगरपरिषद हनुमानगढ़ द्वारा आम नागरिको को बेहतर सुविधाऐं उपलब्ध करवाने में एवं शहरी प्रबन्धको को सक्षम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। हनुमानगढ़ शहर के नागरिको के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए नगरपरिषद हनुमानगढ़ निरन्तर प्रयत्नशील है तथा राज्य सरकार भी स्थानीय निकायों के आर्थिक उन्नयन व स्वायत्ता के लिए कदम उठा रही है।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि नगरपरिषद हनुमानगढ़ के आर्थिक स्वावलम्बन व उसके दायित्त्वों के निर्वहन में यह ई–न्यूज लेटर सहायक होगा तथा इसके माध्यम से नागरिको के कार्य त्वरित गति से निष्पादित होगें।

मै ई–न्यूज लेटर के इस अंक के सफल प्रकाशन की शुभकामनाऐं देता हूँ

Dr. Manjeet Singh (IAS)
Principal Secretary
Local Self Government
Rajasthan

# MESSAGE

नगरपरिषद हनुमानगढ़ द्वारा शहर के विकास के लिए सर्वोत्तम प्रक्रियाओं, कार्यो का आलेखन, ई–न्यूज लेटर का प्रकाशन कर शहरी विकास के लिए सराहनीय प्रयास किये जा रहे है।

नगरपरिषद हनुमानगढ़ से अपेक्षा है कि वें उनके द्वारा किये जाने वाले श्रेष्ठ कार्यो (Best Practices) का प्रचार–प्रसार करें व आमजन को राहत प्रदान करें, यही सच्ची जन सेवा है।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि ई–न्यूज लेटर यह अंक नगरीय क्षेत्र हनुमानगढ़ के लिए उपयोगी सिद्ध होगा।

मै ई–न्यूज लेटर के इस अंक के सफल प्रकाशन की शुभकामनाऐं देता हूँ

Purushottam Biyani (IAS)
Director and
Joint Principal Secretary
Directorate of Local Bodies

# कार्यालय नगरपरिषद हनुमानगढ़ – राजस्थान

वर्ष 1917 में नगरपालिका हनुमानगढ़ का गठन हुआ। उस वक्त यह शहर एक छोटा कस्बानुमा था, लगातार जनसंख्या वृद्धि, विकास व वर्ष 1994 में जिला बनने पर इस शहर का ओर द्रुतगति से विकास हुआ। वर्ष 2008 में इसे नगरपरिषद का दर्जा प्राप्त हुआ। वर्ष 2011 की जनसंख्या के अनुसार शहर की जनसंख्या 1.51 लाख है। यह नगरीय क्षेत्र घग्घर नदी के दोनो ओर बसा हुआ है।

## नगरपरिषद हनुमानगढ़ के मुख्य कार्य :–

1 शहरवासियों को सफाई व रोशनी उपलब्ध करवाना।

2 जनसामान्य व अल्प आय वर्ग के व्यक्तियों की आवास समस्या के समाधान के लिए भूखण्डों का विक्रय आवंटन व नीलामी से करना।

3 सामाजिक व अन्य धर्मार्थ संस्थाओं को अपनी गतिविधियों के संचालन के लिए रियायती दर पर भूमि आवंटन करना।

4 बी.पी.एल. परिवार व गरीब व्यक्तियों की भलाई व उत्थान के लिए राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन कर लाभान्वित करना।

5 योजनाबद्ध तरीके से शहर के विकास में सक्रिय भागीदारी करना।

6 गन्दे पानी निकासी के लिए नाला व नालियों का निर्माण कर पानी निकासी सुनिश्चित करना एवं सीवरेज लाईन डालना।

7 वित्तीय संसाधनो को ध्यान मे रखते हुए जनपयोगी विकास सम्बंधी कार्य करवाना।

# Various Schemes

AMRUT - (Atal Mission for Rejuvenation and Urban Transformation)

इस योजना में नगरपरिषद हनुमानगढ़ का चयन किया हुआ है। राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर दिये जा रहे निर्देशों के अन्तर्गत कार्यवाही की जा रही है।

NULM - (Natation Urban Livelihood Mission)

इस योजना के अन्तर्गत बीपीएल में चयनित परिवार व अन्य गरीब परिवारो को स्वयं का व्यवसाय करने हेतु ऋण वितरण किया जाता है व इसके एक घटक में लोगो को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। जन सामान्य की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रैन बसेरो का निर्माण भी इस योजना के अन्तर्गत किया जाता है। वर्तमान में नगरपरिषद हनुमानगढ़ में दो रैन बसेरो का संचालन किया जा रहा है।

स्ट्रीट वेण्डर पॉलिसी के अन्तर्गत परिषद द्वारा अधिकृत एजेन्सी से वेण्डरों का सर्वे कार्य करवाते हुए कुल 1530 वेण्डरों का चयन किया गया है।

# स्वच्छ भारत मिशन –

खुले में शौच से मुक्त की राह में हनुमानगढ़ .....

**"स्वच्छ भारत मिशन"** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाया गया भारत सरकार का अत्यन्त महत्त्वपूर्ण अभियान है। जो 02 अक्टुबर 2014 को भारत सरकार की ओर से अधिकारिक तौर पर शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य वर्ष 2019 तक भारत को "खुला शौच मुक्त भारत घोषित करना है" परिषद् द्वारा शौचालय विहिन परिवारों का सर्वे करवाया जा चुका है। लगभग 1900 परिवारों को शौचालय निर्माण हेतु प्रथम किस्त आवेदक के बैक खातों में भिजवाई जा चुकी है। शहरवासियों शौचालय निर्माण के प्रति जगरूगता पैदा करने के लिए प्रत्येक वार्ड में परिषद् के कर्मचारी लगाये हुये है। वे सम्बन्धित व्यक्तिगत सम्पर्क कर शौचालय निर्माण में उनका सक्रीय सहयोग भी कर रहे है व आशा है विश्वास है कि पूरा शहर वर्ष 2019 तक ओ.डी.एफ. फ्री हो जावेगा।

# Energy Efficient Street Lighting System

## "Led light" in Rajasthan

नगरपरिषद हनुमानगढ़ का चयन इस योजना के तहत किया जा चुका है व सम्बंधित फर्म ने फरवरी 2016 माह में कार्य प्रारम्भ करते हुए सर्वे कार्य प्रारम्भ कर दिया है। परिषद की ओर से एजेन्सी के व्यक्तियों के सहयोग हेतु अपना स्टाफ भी लगाया हुआ है। इस योजना के अन्तर्गत शहरी क्षेत्र के 11500 पोलो पर एल.ई.डी. लाईट लगायी जानी है।

## घर–घर कचरा संग्रहण कार्य :–

नगरपरिषद हनुमानगढ़ के कुल 45 वार्डो में से 32 वार्डो में घर–घर जाकर कचरा सग्रहण किया जा रहा है। जिसमें परिषद का सफाई कर्मी मौहल्ले में घर–घर जाकर रिक्शा के माध्यम से कचरा संग्रहण करता है। उक्त रिक्शा में दो प्रकार यथा गिला एवं सुखा कचरे का अलग–अलग संग्रहण किया जा रहा है। परिषद ने शहर के  कचरे के सग्रहण के लिए शहर से बाहर 22 बीघा भूमि पर कचरा इक्टठा किया जाता है।